कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

E-Mail-cephodjab@nic.in, cejabalpur@gmail.com दूरभाष 0761–2349926

क्रमांक 66........./ स्था. /मु.अ. /लो.स्वा.यां.वि./2025/परि./जबलपुर, दिनांक 11/03/2025

//आदेश//

M/s and Prop. Ashish Kumar Mishra, Gram Katangi, Post Look Tech Jawa, Katangi, Distt Rewa (PWD 170009418) को कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रीवा द्वारा रीवा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में 06 माह से अनुबंधानुसार एकल ग्राम योजनाओं का कार्य हेतु अनुबंध क्र. 46/2020–21, 58/2022–23, 01/2023–24, 42/2022–23, 36/2020–21, 35/2020–21, 24/2020–21, 47/2020–21, 45/2020–21 के तहत् जारी किया गया था।

कार्यो को पूर्ण करने की समयावधि 06 माह थी, अनुबंध निष्पादन कार्य में रूचि न लेने से आमजनों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका और विभाग की छवि धूमिल हुई। कार्यो को अनुबंधित समयावधि में पूर्ण न करने के कारण कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रीवा द्वारा समय–समय पर निर्देश दिये गये किंतु कार्य की वांछित प्रगति प्राप्त नहीं हुई।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला रीवा द्वारा उनके पत्र क्र. 65/स्टेनो/दिनांक 03.01.2025 अनुबंध अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही कर काली सूची में दर्ज करने की अनुशंसा की गयी।

नेसर्गिक न्याय के सिद्धांत के परिपालन में इस कार्यालय के पत्र क्र. 466/ दिनांक 04.02.2025 के द्वारा आपको अपना पक्ष रखने हेतु अवसर प्रदान किया गया। आपके द्वारा प्रस्तुत पक्ष पर अभिमत प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्र. 604/दिनांक 17.02.2025 के द्वारा कार्यपालन यंत्री को अनुबंधित कार्यो की वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु प्रेषित किया गया। कार्यपालन यंत्री खण्ड रीवा द्वारा इस कार्यालय को कोई अभिमत लिखित में नहीं दिया गया परंतु मौखिक रूप से काली सूची में डाले जाने की अनुशंसा की गयी।

अतः वर्णित परिस्थितियों एवं कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला रीवा, एवं कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रीवा द्वारा प्रस्तुत/उपलब्ध कराये गये अभिलेखों तथा कथनों के आधार पर म0प्र0शासन, लोक निर्माण विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ 17–1/2010/19/बी/244, भोपाल दिनांक 24.03.2015 में निहित प्रावधानों के अनुसार ठेकेदार M/s and Prop. Ashish Kumar Mishra, Gram Katangi, Post Look Tech Jawa, Katangi, Distt Rewa (PWD 170009418) के कांट्रेक्टर आई.डी. क्रमांक **PWD 170009418** पंजीयन क्र. **(PWD 170009418 Sole firm)** को आदेश जारी होने के दिनांक से 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए काली सूची **(Black Listed)** में रखा जाता है।

M/s and Prop. Ashish Kumar Mishra, Gram Katangi, Post Look Tech Jawa, Katangi, Distt Rewa (PWD 170009418) या उसकी फर्म का कोई भी सदस्य किसी अन्य फर्म में भागीदार होगा तो वह फर्म भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने, निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा नया अनुबंध करने के लिये एवं नया पंजीयन करवाने के लिये इस आदेश के पश्चात पात्र नहीं होगें।

11/3

(एच.एस. गौड़)
मुख्य अभियंता

Scanned with OKEN Scanner